मास्क नहीं पहनने वाले 20 लोगों पर निगम की टीम ने लगाया जुर्माना, भिलाई निगम द्वारा मास्क चेकिंग का सख्त अभियान

भिलाईनगर। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए चेहरे पर मास्क लगाना आवश्यक है , बावजूद लोग नियम का उल्लंघन करते हुए मास्क नहीं लगा रहे है ऐसे लोगों को पर कार्यवाही करने भिलाई निगम द्वारा मास्क चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत चौक चौराहा और बाजार क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूला जा रहा है। सुबह और शाम दो पालियों में बनी टीम घूम-घूम कर आने जाने वाले लोगों से मास्क लगाने की अपील कर रही है। आज निगम की टीम ने 20 लोगों से 2900 रूपए का अर्थदंड वसूला और दोबारा बिना मास्क पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने बिना मास्क लगाए या नाक एवं मुंह को ठीक तरीके से कवर किए बिना घर से बाहर निकलने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिसके परिपालन में निगम में कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। टीम निगम क्षेत्र के बाजार, सार्वजनिक स्थान और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर घूम घूम कर मास्क या अन्य कोई उपाय से चेहरे को कवर किए बिना निकलने वाले लोगों से अर्थदंड वूसलने की कार्यवाही कर रही है। नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि मास्क चेकिंग अभियान के तहत पैदल , साईकिल, दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोक-रोक कर तथा बिना मास्क लगाए बाहर निकलने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। टीम प्रमुख बाजार एवं व्यवसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण कर मास्क नहीं लगाने तथा मास्क को केवल दिखावे के लिए लटका कर रखते हुए निकल रहे हैं ऐसे लोगों का मुस्तैदी से निरीक्षण कर कार्यवाही कर रहे है। निगम प्रशासन सभी दुकानदारों से स्वयं अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, बिना मास्क लगाए आने वाले ग्राहकों से लेनदेन नहीं करने की समझाइश दे रहे है।